तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, सोमवार 26 अक्टूबर 2026

11 ग्रामीण पहाड़ों, छतों और पेड़ों पर चढ़कर तलाश रहे...



12 प्रदेश प्रभारी स्मृति ईरानी से मिले भाजपा युवा मोर्चा...



राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका | छुईहा बेलर

खबर संक्षेप

नपं क्षेत्र में अतिक्रमण पार्षद ने लगाए आरोप

छुरा। नगर पंचायत क्षेत्र में अतिक्रमण और कार्रवाई में कथित भेदभाव को लेकर पार्षद हरीश यादव ने नपं प्रशासन की कार्यप्रणाली को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। वार्ड क्रमांक-04 स्थित बाजार परिसर में वाटर एटीएम के सामने एक अस्थायी चाय दुकान को पक्का बनाने के लिए निर्माण कार्य किए जाने पर सवाल उठाए हैं। पार्षद श्री यादव के अनुसार, बाजार परिसर में वाटर एटीएम के सामने कच्ची चाय दुकान को स्थायी रूप देने के उद्देश्य से पक्का निर्माण किया जा रहा है। आरोप है कि 24 अक्टूबर को रातोंरात निर्माण कार्य शुरू किया गया, लेकिन नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारियों की ओर से अब तक कोई स्पष्ट कार्रवाई सामने नहीं आई है। पार्षद ने कहा कि इसी बाजार परिसर में वर्षों से कई गरीब लोग अस्थायी ठेले लगाकर चाय-नाश्ता और अन्य छोटे-मोटे व्यवसाय के माध्यम से अपने परिवार का भरण-पोषण करते आ रहे हैं। इन लोगों को व्यवस्थित रूप से व्यवसाय करने के लिए नगर पंचायत द्वारा समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराने का मुद्दा लंबे समय से बना हुआ है। दूसरी ओर, उसी परिसर में अस्थायी दुकान को पक्का स्वरूप देने के लिए निर्माण किए जाने की बात सामने आ रही है। ऐसे में गरीब ठेला संचालकों के साथ समान व्यवहार किए जाने को लेकर सवाल उठना स्वाभाविक है। इसी प्रकार पौनी-पसारी निर्माण के समय भी विवाद हुआ था। पार्षद ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों से बाजार परिसर में चल रहे निर्माण की जांच कराने, भूमि की वैधानिक स्थिति स्पष्ट करने तथा अनुमति और नियमों के अनुरूप कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है। उपाध्यक्ष अब्दुल शमीम खान , पार्षद हरीश यादव, सलीम मेमन, देव सिंग नेताम, रामजी दिवान पंच राम टंडन, शांतनु देवांगन, दीप्ति यादव, यामीन खान समस्त कांग्रेस पार्षद ने विरोध किया है।

परसापानी प्राथमिक शाला में जर्जर शौचालय, बच्चे जा रहे झाड़ियों में

रसेला। अंचल के ग्राम पंचायत केवटीझर के आश्रित ग्राम परसापानी स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में शौचालय की बदहाल स्थिति ने स्कूली बच्चों की परेशानी बढ़ा दी है। स्कूल में उपयोग योग्य शौचालय नहीं होने के कारण छोटे-छोटे बच्चों को शौच के लिए झाड़ियों का सहारा लेना पड़ रहा है। मामले में ग्राम पंचायत केवटीझर के तत्कालीन सचिव देवेंद्र कुमार से फोन पर चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि नए शौचालय निर्माण की स्वीकृति नहीं मिली थी, बल्कि पुराने शौचालय की मरम्मत के लिए 45 हजार रुपये स्वीकृत हुए थे। जनपद पंचायत की ओर से प्रथम किस्त के रूप में 19 हजार रुपये जारी किए गए थे, जिससे कुछ काम कराया गया था। उनके अनुसार, शेष राशि नहीं मिलने के कारण आगे का कार्य नहीं हो सका।

रकम लेनदेन को लेकर मारपीट

महासमुंद। ग्राम कुम्हारी में रकम लेनदेन को लेकर बुजुर्ग व्यक्ति के साथ मारपीट किए जाने के मामले मं आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को कैलाशचंद्र पटेल पिता स्व अमृतलाल पटेल (60 वर्ष) निवासी ग्राम कुम्हारी ने बताया कि 23 अक्टूबर को लगभग 7.15 बजे के आसपास में अपने मोटर सायकल में कर्राभौना कुंवर बाई दुकान के पास गुटखा एवं पैसा देने के लिए खड़ा था, उसी समय उसने वहां आए माधव प्रसाद सिदार को पुराने पैसे को देने के लिए कहा, इस पर उसने नहीं दूंगा कहते हुए गाली गलौज कर लाठी डंडा से मारपीट की और जान से मारने की धमकी देने लगा। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

फिंगेश्वर में धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मना राजा दशहरा महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

राजा निलेन्द्र बहादूर सिंह ने शाही सवारी से लोगों का किया अभिवादन





नगर में 24 अक्टूबर को राजा दशहरा महोत्सव अत्यंत धूमधाम, परंपरा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान पारंपरिक संस्कृति और आधुनिक उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला, जिसमें छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों को बांधे रखा।

महोत्सव के मुख्य आकर्षण रहे राजा निलेन्द्र बहादुर सिंह। उन्होंने राजशाही अंदाज में रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण किया और मार्ग में उपस्थित जनता का अभिवादन स्वीकार किया। उनके इस पारंपरिक और भव्य स्वरूप को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग सड़क के दोनों ओर मौजूद रहे।

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी राजपरिवार एवं मंदिर ट्रस्ट कमेटी द्वारा नगरवासियों के सहयोग से विभिन्न धार्मिक आयोजन संपन्न हुए। राजा निलेन्द्र बहादुर एवं राजपरिवार ने प्रातःकाल श्री देवधर पूजा, श्री बालाजी, श्री पंचदेव, मावली देवी और भगवान फणीकेश्वरनाथ मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के सुखद एवं उज्जवल भविष्य के साथ-साथ पूरे अंचल की खुशहाली के लिए विशेष प्रार्थना की।

मौली मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़- दोहपर होते होते राजपरिवार की ईष्ट देवी मांवली मंदिर में माता के दर्शन करने श्रद्धालुओं का हूजूम लगा रहा। लोग अपनी अपनी मन्नतों को लेकर माता के दरबार मे ⏭शेष पेज 10 पर

कार्यक्रम : मंत्री यादव, विधायक रोहित सहित अन्य ने ग्रापं सेम्हरतरा में सुनी मन की बात

पीएम के मन की बात सुनी, शिक्षा मंत्री ने सेम्हरतरा और पिपरछेड़ी प्राशा के डिजिटलीकरण की दी सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम



ये रहे उपस्थित

इस दौरान डॉ. रामकुमार साहू पूर्व अध्यक्ष भाजपा जिला, सुरेंद्र सोनटेके जिला मंत्री भाजपा, रिकेश साहू अध्यक्ष भाजपा मंडल राजिम, नेहरू साहू जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि, हरीश साहू सरपंच एवं अध्यक्ष सरपंच संघ जिला ,वीरेंद्र साहू सरपंच कुम्ही, बोधन यादव सरपंच जेंजरा, घनश्याम साहू सरपंच सुरसाबांधा, बलराम साहू सरपंच कोमा, होरी साहू, नीरा साहू पूर्व जनपद सदस्य, जिनेन्द्र साहू, तुलाराम साहू बूथ अध्यक्ष, महेंद्र साहू, नंदजी साहू उपसरपंच, प्रकाश साहू अध्यक्ष ग्राम विकास समिति, हरिराम साहू अध्यक्ष साहू समाज बेलर परिक्षेत्र, ओमप्रकाश साहू पूर्व सरपंच देवगांव, दिलीप साहू, सूदन साहू, दयाराम साहू, मंशाराम साहू, बिष्णु राम साहू, मदन साहू, जीवन साहू, किसलाल साहू, पन्ना लाल निर्मलकर, शिवशंकर साहू, युगल साहू, हुलास साहूसुभाष शर्मा बीआरसीसी फिंगेश्वर, नरेश साहू संकुल समन्वयक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

- चरौदा में हाईस्कूल, कोमा में मिडिल स्कूल का उन्नयन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के प्रसारण को सुनने के लिए जिले के ग्राम पंचायत सेम्हरतरा में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव और विशिष्ट अतिथि के रूप में राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू उपस्थित रहे। साथ ही भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर और अनेक पदाधिकारी भी शामिल हुए। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री मोदी के विचारों को अत्यंत उत्साह के साथ सुना। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के विकास को गति देते हुए मंत्री गजेंद्र यादव ने विधायक रोहित साहू की प्रमुख मांगों पर कई महत्वपूर्ण घोषणाएं और सौगातें प्रदान कीं जिसमें प्रमुख रूप से ग्राम चरौदा स्थित हाई स्कूल का हायर सेकेंडरी स्कूल, ग्राम कोमा स्थित मिडिल स्कूल का हाईस्कूल में उन्नयन करने की घोषणा की। साथ ही प्राथमिक शाला सेम्हरतरा और प्राथमिक शाला पिपरछेड़ी का डिजिटलीकरण और प्रार्थना शेड निर्माण की सौगातें शामिल हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम देश के कोने-कोने में छिपी प्रतिभाओं, सामाजिक बदलाव की कहानियों और जन-कल्याणकारी सोच का जीवंत दस्तावेज है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर छत्तीसगढ़ के दूर-अंचल तक शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं का विस्तार करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। विधायक श्री साहू के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने विश्वास दिलाया कि क्षेत्र के चहुंमुखी विकास में संसाधनों की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने चरौदा में हायर सेकेंडरी स्कूल और कोमा में हाईस्कूल की सौगात मिलने पर शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव का आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे शासन की इन योजनाओं का पूरा लाभ उठाएं और बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाएं। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने कहा कि डबल इंजन की सरकार जनता की हर उम्मीद पर खरा उतर रही है।

चौथी के छात्र की चोटी काटी प्राचार्य पर एफआईआर दर्ज

घटना के बाद दूसरे स्कूल में कराया गया दाखिला

नवापारा-राजिम। पटेवा स्कूल में अनुशासन बनाए रखने के नाम पर चौथी कक्षा के एक छात्र के लंबे बालों की चोटी बनाकर कैंची से काटने के मामले में जांच रिपोर्ट आने पर एक साल बाद नवापारा पुलिस ने एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल की प्राचार्य पल्लवी मरार के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 की धारा 75 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

- बालक को मानसिक परेशानी होने का जांच रिपोर्ट में उल्लेख

मामला 15 अक्टूबर 2025 का बताया गया है। शिकायत के अनुसार, स्कूल में छात्र के लंबे बालों को लेकर अनुशासन का हवाला देते हुए उसकी चोटी बनाकर कैंची से काट दिया गया था। इस घटना के बाद बच्चे के व्यवहार में बदलाव आने लगा और वह स्कूल जाने से डरने लगा। परिजनों ने मामले की शिकायत शिक्षा विभाग से की, जिसके बाद विभाग ने जांच की प्रक्रिया शुरू की। अंततः बच्चे के भविष्य और मानसिक स्थिति को देखते हुए अप्रैल 2026 से उसका दाखिला दूसरे स्कूल में करा दिया गया। मामले की जांच के दौरान रायपुर स्थित धन्वंतरी अस्पताल की 5 जून 2026 की चिकित्सकीय रिपोर्ट को भी शामिल किया गया। रिपोर्ट में बच्चे को नींद आने में परेशानी, चिड़चिड़ापन और स्कूल जाने से डरने जैसी समस्याएं होने का उल्लेख है। साथ ही, घटना के बाद स्कूल में उसकी उपस्थिति अनियमित होने की बात भी सामने आई। शिक्षा विभाग की जांच में बच्चे को मानसिक परेशानी और शारीरिक ⏭शेष पेज 10 पर

दो प्राचार्यों की टीम ने दर्ज किए बयान

शिक्षा विभाग के निर्देश पर गठित दो प्राचार्यों की जांच टीम 31 जुलाई 2026 को स्कूल पहुंची थी। टीम ने संबंधित छात्र और उसके माता पिता के बयान दर्ज किए। इसके अलावा स्कूल की प्राचार्य पल्लवी मरार और संबंधित शिक्षकों से भी पूछताछ की गई। जांच के दौरान प्राचार्य ने बच्चों के बाल व्यवस्थित कराने की बात स्वीकार की। जांच दल ने भविष्य में इस तरह व्यवहार नहीं करने के लिए स्कूल प्रबंधन अनुशंसा भी की थी।

बेलर में विधायक रोहित का आगमन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा-बेलर



- लोकार्पण-भूमिपूजन और गृह प्रवेश कार्यक्रमों में होंगे शामिल

राजिम विधायक रोहित साहू का 26 अक्टूबर को ग्राम बेलर आगमन होगा। इस दौरान वे विभिन्न लोकार्पण भूमिपूजन, गृह प्रवेश एवं जन्मोत्सव कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वहीं, शाम को शिवाजी क्रिकेट मैदान में परपट झांकी का रात्रिकालीन आयोजन किया जाएगा।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, नारायण साहू , उपसरपंच पद से जुड़े हरिशंकर साहू के पारिवारिक आयोजन के गृह प्रवेश एवं जन्मोत्सव कार्यक्रम में विधायक शामिल होंगे। इसके साथ ही ग्राम पंचायत के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन भी किया जाएगा। सरपंच सुमन रात्रे, ग्राम अध्यक्ष खोमन साहू ने कहा ग्राम पंचायत के अंतर्गत 15 लाख रुपये की लागत से निर्मित टीन शेड, 7 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड तथा 3 लाख रुपये की लागत से हाईमास्ट लाइट का लोकार्पण प्रस्तावित है। वहीं, 6.50 लाख रुपये की लागत से यादव सामुदायिक भवन सहित सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया जाएगा।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण परपट झांकी का रात्रिकालीन आयोजन होगा। यह कार्यक्रम शाम 7 बजे से शिवाजी क्रिकेट मैदान में आयोजित किया जाएगा। आयोजन में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, आयोजन समिति के सदस्यों और ग्रामीणों की उपस्थिति रहेगी।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजिम विधायक रोहित साहू होंगे। अध्यक्षता जनपद पंचायत की सभापति नंदनी ओमकार साहू करेंगी। विशिष्ट ⏭शेष पेज 10 पर

राष्ट्रीय वुशू प्रतियोगिता के लिए रवाना हुए जिले के पांच खिलाड़ी, चेन्नई में दिखाएंगे दमखम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम



- विभिन्न खेलों में पदक जीत चुके हैं खिलाड़ी
- छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे जिले के 5 युवा खिलाड़ी

जिले के पांच प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर जिले का मान बढ़ाने की दिशा में एक और उपलब्धि हासिल की है। इन खिलाड़ियों का चयन 25वीं जूनियर राष्ट्रीय वुशू चैंपियनशिप 2026-27 के लिए हुआ है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में ये खिलाड़ी छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस उपलब्धि से जिले के खेल जगत में हर्ष का माहौल है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ियों में शासकीय देवीसंपद स्कूल, राजिम के गौरव बंजारे शामिल हैं। वहीं शिवांश इंटरनेशनल स्कूल, राजिम के रोहितांश साहू, पार्थ साहू, मनीष साहू और विवेक कंसारी ने भी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जगह बनाई है। पांचों खिलाड़ी कोच चंदन बंजारे के मार्गदर्शन में 25 अक्टूबर को चेन्नई, तमिलनाडु के लिए रवाना होंगे। चेन्नई की जेप्पियार यूनिवर्सिटी में 28 अक्टूबर से 2 नवंबर 2026 तक 25वीं जूनियर राष्ट्रीय वुशू चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। इसमें देशभर के विभिन्न राज्यों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। जिले के इन पांच खिलाड़ियों के चयन को उनकी मेहनत, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण का परिणाम माना जा रहा है।

पहले भी विभिन्न खेलों में दिखा चुके हैं प्रतिभा- राष्ट्रीय वुशू चैंपियनशिप के लिए चयनित खिलाड़ी इससे पहले भी विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं। रोहितांश साहू ओपन नेशनल बॉक्सिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी क्षमता साबित कर चुके हैं। वहीं गौरव बंजारे ने एसजीएफआई राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में ताइक्वांडो और एथलेटिक्स ⏭शेष पेज 10 पर

गांवों में कोटवार से मुनादी कराएं और कंट्रोल रूम चालू रखें

जिले में बारिश और तेज हवाओं की आशंका मौसम विभाग ने जारी किया ऑरेंज अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

निचले क्षेत्रों और जलभराव वाले स्थानों पर विशेष निगरानी



संभावित वर्षा को देखते हुए निचले क्षेत्रों, जलभराव वाले स्थानों तथा बाढ़ की आशंका वाले क्षेत्रों की पहचान कर आवश्यक राहत एवं बचाव व्यवस्था तैयार रखने के निर्देश दिए गए हैं, आपदा प्रबंधन से जुड़े दलों को आवश्यक उपकरणों के साथ तैयार रखने तथा जरूरत पड़ने पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया है, कलेक्टर ने संबंधित विभागों को बांधों एवं जलाशयों के जलस्तर पर लगातार नजर रखने के निर्देश दिए हैं, यदि जल निकासी की आवश्यकता उत्पन्न होती है, तो प्रभावित क्षेत्रों में समय रहते सूचना पहुंचाई जाए।

- चक्रवात के खतरे को देखते हुए कलेक्टर ने दिए आपदा प्रबंधन टीमों को तैयार रहने के निर्देश

मौसम विभाग द्वारा जारी चेतावनी के अनुसार चक्रवात के उत्तरी आंध्रप्रदेश तट पर पहुंचने की संभावना के मद्देनजर छत्तीसगढ़ में आगामी दिनों में मौसम प्रभावित हो सकता है। इसके प्रभाव से 29 अक्टूबर को प्रदेश के सभी जिलों में वर्षा होने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने प्रदेश के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। जिले में संभावित वर्षा और तेज हवाओं को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर रणबीर शर्मा ने संबंधित विभागों को सतर्क रहने तथा आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने एसडीएम को निर्देशित किया है कि मौसम खराब होने और संभावित नुकसान के संबंध में गांव-गांव में कोटवारों के माध्यम से मुनादी कराई जाए। इसके जरिए ग्रामीणों को फसलों, मवेशियों, आम नागरिकों तथा शासकीय एवं निजी संपत्तियों को संभावित नुकसान के प्रति सतर्क किया जाए। लोगों को मौसम की स्थिति के अनुरूप सावधानी बरतने और किसी भी आपात स्थिति में प्रशासन को तत्काल सूचना देने के लिए जागरूक किया जाए। कलेक्टर ने जिला एवं तहसील स्तर पर कंट्रोल रूम सक्रिय रखने और मौसम विभाग से जारी चेतावनियों की निरंतर निगरानी करने के निर्देश दिए हैं, राजस्व, पुलिस, पंचायत, स्वास्थ्य, विद्युत तथा ⏭शेष पेज 10 पर

धान बेचने के लिए बायोमेट्रिक कराना होगा अब अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला



खरीदी 16 नवंबर से होगी शुरू

इस वर्ष समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी 16 नवंबर से प्रारंभ होगा जो 31 जनवरी तक रहता है। धान खरीदी को लेकर किसानों के लिए महत्वपूर्ण सूचना सामने आई है। नए नियमों के अनुसार धान बेचने के लिए बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य होगा। साथ की दोकल में निर्धारित मात्रा, खरीदी की सीमा और शेष धान की मात्रा को लेकर भी किसानों को विशेष सावधानी बरतनी होगी। किसानों से अपील की गई है कि टोकन कटवाने से पहले नियमों की जानकारी अवश्य लें, ताकि धान बेचने के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो। नए नियमों के अनुसार धान खरीदी के समय किसान या उनके अधिकृत नामांकित व्यक्ति के फिंगरप्रिंट से बायोमेट्रिक सत्यापन किया जाएगा। केवल ओटीपी के माध्यम से धान खरीदी की प्रक्रिया पूरी नहीं होगी। ऐसे में किसानों को खरीदी केंद्र पहुंचने से पहले सत्यापन संबंधी व्यवस्था की जानकारी रखनी होगी।

हर टोकन में समान मात्रा का होगा निर्धारण- नियमों के मुताबिक, यदि किसी किसान के धान की कुल मात्रा के लिए एक से अधिक टोकन जारी किए जाते है तो प्रत्येक टोकन में समान मात्रा निर्धारित की जाएगी। उदाहरण के तौर पर यदि ⏭शेष पेज 10 पर

खबर संक्षेप

युवती के साथ मारपीट चार लोगों के विरूद्ध अपराध दर्ज

महासमुंद। ग्राम चोरभट्ठी में युवती के साथ मारपीट किए जाने के मामले में चार आरोपियों के विरूद्ध बसना थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम चोरभट्ठी की सुवर्णा बारिक के साथ 24 अक्टूबर को सविता साहू और सुनिता प्रधान द्वारा घर से निकाल देने की बात पर करीब सुबह 6-7 बजे विवाद कर मारपीट की गई। जिसे इलाज के लिए डायल 112 से शासकीय अस्पताल बसना लाया गया। पूछताछ में प्रार्थी हेमकुमार साहू को उसकी भतीजी सुवर्णा ने बताया आरोपी दिवाकर बारिक, सविता, सुनिता प्रधान, गोसाईराम बारिक द्वारा उसके साथ गाली गलौज और मारपीट की की गई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है।

युवक के साथ गाली गलौज, कार में तोड़फोड़

महासमुंद। ग्राम परसकोल में एक युवक के साथ गलौज और उसकी कार में तोड़फोड़ किए जाने के मामले में आरोपियों के विरूद्ध बसना थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को गोडमर्रा के दीपक प्रधान ने बताया कि 24 अक्टूबर को शाम करीबन 4 बजे वह अपने कार आर्टिगा क्रमांक सीजी 04 पीक्यू 0727 से अपने मामा राधेश्याम भोई निवासी परसकोल के पास अपने जमीन संबंधी दस्तावेज और घरेलू सामान को लेने गया था, तब उसके मामा राधेश्याम भोई व उनके बेटे निलेश भोई एवं दीपेश भोई जमीन संबंधी दस्तावेज व उक्त घरेलू सामान को नही देंगे कहकर गाली गलौज कार में तोड़फोड़ करने लगे। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है।

मोटर वाइंडिंग दुकान से कापर वायर और नगद रकम चोरी

महासमुंद। ग्राम तेंदूकोना के एक मोटर वाइंडिंग दुकान से कापर वायर और नगद रकम चोरी के मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध तेंदूकोना थाने में अपराध दर्ज किया गया है। ग्राम टूरीझर निवासी जीवन साहू की मेन रोड तेंदूकोना में मोटर वाइंडिंग दुकान है। 24 अक्टूबर की शाम लगभग 6 बजे दुकान बंद करके वह घर चला गया था। दूसरे दिन सुबह 08.40 बजे को जब दुकान खोला तो देखा कि उसके दुकान का ताला टूटा हुआ है और दुकान से पुराना रिवाइंडिंग कापर तार लगभग 100 किलोग्राम अनुमानित कीमत 1,30,000, नया कापर तार लगभग 20 किलोग्राम अनुमानित कीमत 31,000 और नगद रकम- 500 रुपए की चोरी किसी अज्ञात व्यक्ति ने कर ली। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है।

बसों का किराया बढ़ा पर सुविधाएं जस की तस, यात्रियों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

छुरा से रायपुर, राजिम, महासमुंद और गरियाबंद जाने वाले यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलने का इंतजार

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा यात्री बसों के किराए में बढ़ोतरी कर नई परिवहन दर लागू किए जाने के बाद निजी बस संचालकों ने भी बढ़ा हुआ किराया वसूलना शुरू कर दिया है। इसका असर छुरा नगर से रायपुर, राजिम, महासमुंद, गरियाबंद और कोमाखान सहित विभिन्न मार्गों पर संचालित बसों में सफर करने वाले यात्रियों पर पड़ रहा है। लेकिन किराया बढ़ने के साथ ही यात्रियों को मिलने वाली सुविधाओं, बसों की स्थिति और सुरक्षा व्यवस्थाओं में कुछ भी सुधार नहीं हुआ है। बसों में यात्रियों के लिए सुविधाएं अब भी जस की तस हैं।

नगर से प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री निजी बसों के माध्यम से अपने गंतव्य तक पहुंचते हैं। इनमें नौकरीपेशा लोग, विद्यार्थी, किसान, व्यापारी और अन्य जरूरतमंद यात्री शामिल हैं। ऐसे में किराए में वृद्धि के बाद यात्रियों को बेहतर सुविधा और सुरक्षित सफर की अपेक्षा रहती है। हालांकि, यात्रियों को उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं और बसों की नियमित जांच के संबंध में स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आने से व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं।



सड़क सुधरी, फिर भी सफर में लग रहा अधिक समय

छुरा से राजिम और महासमुंद जाने वाले यात्रियों को यात्रा में लगने वाले समय को लेकर भी परेशानी होती है। सड़क की स्थिति में सुधार होने के बावजूद कई बार बसों को गंतव्य तक पहुंचने में अपेक्षा से अधिक समय लगने की शिकायतें सामने आती हैं। इससे यात्रियों को अपने जरूरी कार्यों, कार्यालयों और अन्य निर्धारित समय-सारणी के अनुसार पहुंचने में दिक्कत होती है। बसों के संचालन में निर्धारित नियमों, समय-सारणी और यात्री सुविधाओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

समाज सेवी शीतल ध्रुव सहित यात्रियों का कहना है कि बस संचालकों द्वारा बढ़ा हुआ किराया तो तत्काल लागू कर दिया गया, लेकिन बसों में उपलब्ध सुविधाओं की स्थिति पर उतना ध्यान दिखाई नहीं देता। कई बसों में सीटों की स्थिति खराब होने, पुराने वाहनों के संचालन और यात्रियों को असुविधा होने की शिकायतें सामने आती रहती हैं। बसों में प्राथमिक उपचार पेटी, स्वच्छ पेयजल और अन्य आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ-साथ उनकी नियमित जांच भी जरूरी है। सवाल यह है कि इन सुविधाओं की निगरानी कौन कर रहा है और नियमों का पालन नहीं करने वाले बस संचालकों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की जाती है?

गर्भ में ही पड़ती है बच्चे के व्यक्तित्व की नींव, गृहस्थ जीवन भी एक तपोवन : संत गोवर्धन

सेंदर में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ, गर्भ संस्कार और गृहस्थ जीवन की महत्ता बताई

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

फिंगेश्वर विकासखंड के ग्राम सेंदर में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ में चतुर्भुज सिरकट्टी के महंत संत सिया गोवर्धन शरण व्यास ने गर्भ संस्कार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय परंपरा में गर्भावस्था को शिशु के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना गया है। वहीं उन्होंने गृहस्थ जीवन को भी तपस्या का एक श्रेष्ठ माध्यम बताया।

संत गोवर्धन शरण महाराज ने उपस्थित महिलाओं को गर्भ संस्कार के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जीवन के 16 संस्कारों में गर्भ संस्कार का विशेष स्थान है। गर्भ में पल रहे शिशु के व्यक्तित्व की नींव इसी अवस्था में पड़नी शुरू हो जाती है। गर्भावस्था के दौरान मां की सकारात्मक सोच, अच्छे विचार और शांत वातावरण का बच्चे के विकास पर अनुकूल प्रभाव पड़ सकता है। सात्विक जीवनशैली, संतुलित और पौष्टिक आहार, पर्याप्त आराम, ध्यान तथा चिकित्सकीय सलाह के अनुसार योग से मां और शिशु के स्वास्थ्य को लाभ मिल सकता है। बच्चे से स्नेहपूर्वक बातचीत करना, मधुर संगीत और मंत्र सुनना तथा अच्छे विचारों वाली पुस्तकें पढ़ना भी सकारात्मक वातावरण बनाने में सहायक है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार ऋषि-मुनि तपस्या के माध्यम से आत्मिक उन्नति का प्रयास करते हैं, उसी प्रकार गृहस्थ व्यक्ति भी परिवार के प्रति अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करते हुए आध्यात्मिक उन्नति प्राप्त कर सकता है। परिवार के सदस्यों की देखभाल करना, सुख-दुख में एक-दूसरे का साथ देना और बिना किसी स्वार्थ के अपने दायित्वों को निभाना गृहस्थ जीवन की सबसे बड़ी तपस्या है। पारिवारिक मतभेदों, आर्थिक चुनौतियों और समस्याओं का धैर्य एवं सहनशीलता से सामना करना भी जीवन की साधना है। गृहस्थ जीवन व्यक्ति को 'मैं' से 'हम' की भावना की ओर ले जाता है। कथा में परीक्षित की भूमिका निभाने वाले घासी साहू, राधा साहू, चंद्रिका, हीरन, जगदीश, कांति बाई, मोहन, पुराण बाई, डोमन, पूर्णिमा, पितांबर, पार्वती, भागवत और श्यामबाई सहित अन्य श्रद्धालुओं की सहभागिता रही। आयोजन स्थल पर भक्तिमय वातावरण बना हुआ है और श्रद्धालु प्रतिदिन कथा श्रवण कर धर्म, संस्कार और पारिवारिक जीवन के महत्व को समझ रहे हैं।

- विधायक रोहित ने भागवत पूजन कर लिया संत का आशीर्वाद,रंगमंच, सामुदायिक भवन और सीसी रोड की घोषणा





विधायक रोहित साहू ने किया भागवत पूजन

विशेष आमंत्रण पर राजिम विधायक रोहित साहू कथा स्थल पहुंचे। उन्होंने व्यासपीठ पर पहुंचकर श्रीमद्भागवत पुराण का पूजन किया तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। विधायक ने कथा वाचक संत गोवर्धन शरण महाराज का शाल, श्रीफल और पुष्पमाला से सम्मान किया तथा चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि ग्राम सेंदर पंचायत से उनका आत्मीय लगाव है। गांव के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत पूर्व सरपंच रामाधार साहू की सराहना की। ग्राम पंचायत की सरपंच गामनी घृतलहरे की मांग पर विधायक ने रंगमंच निर्माण की घोषणा की। इसके बाद वे पंचायत के आश्रित ग्राम परसट्ठी पहुंचे, जहां शीतला सामुदायिक भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। ग्रामीणों की मांग पर उन्होंने सामुदायिक भवन, टीन शेड और सीसी रोड निर्माण की भी घोषणा की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक रोहित साहू, अध्यक्षता जिला सभापति नंदनी ओमकार साहू, सरपंच गामनी घृतलहरे, राममंस अध्यक्ष लाला राम साहू, फिंगेश्वर महाविद्यालय के अध्यक्ष राजू साहू तथा पूर्व सरपंच रामाधार साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसके अलावा नूतन साहू, सरपंच मोतीराम निषाद, पूर्व सरपंच टिकेश साहू, बेलर साहू संघ अध्यक्ष हरिराम साहू, जागेश्वर साहू, योगेश देवांगन, रामू साहू, जनक साहू, शिवलाल साहू, भगवानी साहू, तुलस वर्मा, तुलसी साहू, श्रवण, श्रवण देवांगन, परमानंद वर्मा और अजय वर्मा सहित अनेक श्रद्धालु एवं ग्रामवासी मौजूद रहे।

संगठन की मजबूती, युवाओं की भागीदारी और सामाजिक एकजुटता पर दिया गया जोर



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

ब्राह्मण समाज तहसील महिला प्रकोष्ठ एवं युवा ब्राह्मण प्रकोष्ठ की संयुक्त बैठक श्री मानस मंदिर प्रांगण में आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ भगवान परशुराम जी की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इस दौरान समाज की एकजुटता, संगठनात्मक मजबूती, युवाओं की सक्रिय भागीदारी और आगामी सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

- ब्राह्मण समाज की संयुक्त बैठक में युवा प्रकोष्ठ के गठन और दीपावली मिलन समारोह की रूपरेखा तैयार

बैठक में युवा ब्राह्मण समाज के गठन एवं पुनर्गठन, दीपावली मिलन समारोह के आयोजन तथा भविष्य में होने वाले सामाजिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने पर विशेष चर्चा हुई। समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी प्रकोष्ठों का आपसी समन्वय और सक्रिय सहभागिता जरूरी है। युवाओं को सामाजिक गतिविधियों से जोड़कर उन्हें संगठनात्मक जिम्मेदारियां सौंपने पर भी जोर दिया गया। महिला प्रकोष्ठ की भूमिका पर चर्चा करते हुए समाज की महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने और सामाजिक, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों में उनकी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की आवश्यकता बताई गई। बैठक में कहा गया कि महिला, युवा और मुख्य संगठन के बीच बेहतर समन्वय से समाज की गतिविधियों को नई दिशा दी जा सकती है। आगामी दीपावली मिलन समारोह को लेकर भी चर्चा की गई। इसे समाज के लोगों के बीच आपसी भाईचारा, सौहार्द और एकता बढ़ाने के अवसर के रूप में आयोजित करने की बात कही गई। साथ ही भविष्य के सामाजिक आयोजनों को योजनाबद्ध ढंग से संपन्न कराने तथा समाज के लोगों के बीच संपर्क, सहयोग और समन्वय मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की गई। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने समाजहित में मिल-जुलकर कार्य करने और संगठन को अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने का संकल्प व्यक्त किया। युवा प्रकोष्ठ के गठन एवं पुनर्गठन को युवाओं को सामाजिक दायित्वों से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना गया।

ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर ब्राह्मण समाज तहसील छुरा, महिला प्रकोष्ठ एवं युवा ब्राह्मण प्रकोष्ठ के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री सहित विभिन्न पदाधिकारी और कार्यकारिणी सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य समाज में एकता बनाए रखते हुए संगठनात्मक गतिविधियों को गति देना और आगामी कार्यक्रमों को बेहतर समन्वय के साथ संपन्न कराना रहा।

पेज 9 के शेष...

फिंगेश्वर में धूमधाम...

शीश नवाते रहे। दिन के साथ रात में भी श्रद्धालुओं का मंदिर में आने का तांता लगा रहा।

राजमहल में शुभकामनाएं और आतिशबाजी- रात्रि के समय राजा निलेन्द्र बहादुर ने अपने राजमहल में आगंतुकों से पान-सुपारी भेंट कर दशहरे पर्व की बधाइयां दीं। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, वीआईपी मेहमानों, नगर के नागरिकों और दूर-दूर से आए शुभचिंतकों ने पहुंचकर उन्हें बधाई दी और साथ में तस्वीरें भी साझा कीं। देर रात राजा निलेन्द्र बहादुर सिंह और उनका परिवार शाही सवारी के साथ हाई स्कूल मैदान पहुंचा, जहां उन्होंने जनता का अभिवादन किया। इस अवसर पर हुई जोरदार आतिशबाजी ने सभी का मन मोह लिया। **सजा बाजार और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम-** दशहरे के पर्व पर नगर में उत्सव का माहौल रहा। मिठाई, मनिहारी, गुपचुप-चाट सेंटर, फोटो फ्रेमिंग, कपड़े, कुल्फी, होटल और खिलौनों की दुकानों पर लोगों की भारी भीड़ जुटी रही। लोगों ने जमकर खरीदारी की और भरपूर मनोरंजन किया। मौलीपारा, राजमहल के पास, पुराने बस स्टैंड और शासकीय ठाकुर दलगंजन स्कूल परिसर में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का दर्शकों ने पूरी रात भरपूर आनंद उठाया। **शांतिपूर्ण संचालन में प्रशासन और सहयोगियों का योगदान-** शानदार यातायात व्यवस्था और शांतिपूर्ण तरीके से राजा दशहरा महोत्सव को संपन्न कराने में पुलिस बल की सक्रिय भूमिका रही। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में राजपरिवार के देवेंद्र बहादुर सिंह, सुश्री पुखराज, श्रीमती यशोधरा राजे, शिवाजी ध्रुवे, युवराज आदितेन्द्र बहादुर सिंह तथा मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी शिवकुमार सिंह, आनंदवर्धन ठाकुर, रमेन्द्र सिंह, पंकज शर्मा, रवि तिवारी और मंदिर ट्रस्ट कमेटी के सभी कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।

चौथी के छात्र की...

असुविधा होने का जिक्र किया गया है। **होमवर्क अधूरा होने पर शिक्षक पर कान मरोड़ने का आरोप-** जांच के दौरान छात्र ने गणित के शिक्षक अजय कुमार देवांगन पर होमवर्क अधूरा होने के कारण उसका कान मरोड़ने का आरोप भी लगाया। हालांकि, शिक्षक ने जांच के दौरान छात्र को शारीरिक दंड देने से इनकार किया। इस आरोप के संबंध में जांच में सामने आए तथ्यों और संबंधित पक्षों के बयानों को भी मामले के संदर्भ में देखा गया। **शिक्षा विभाग की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस की कार्रवाई -** जांच रिपोर्ट के आधार पर नवापारा पुलिस ने स्कूल की प्राचार्य पल्लवी मरार के खिलाफकिशोर न्याय अधिनियम की धारा 75 के तहत एफआईआर दर्ज की है। अब पुलिस मामले से जुड़े तथ्यों, शिकायत और उपलब्ध दस्तावेजों की जांच कर रही है। हालांकि, एफ्फआईआर दर्ज होने का अर्थ आरोपों का न्यायिक रूप से सिद्ध होना नहीं है। मामले में अंतिम निष्कर्ष जांच और न्यायिक प्रक्रिया के बाद ही सामने आएगा।

बेलर में विधायक...

अतिथियों में जनपद पंचायत अध्यक्ष इंद्राणी नेहरू साहू, ग्राम पंचायत बेलर की सरपंच सुमन लेखराम रात्रे, उपसरपंच हरिशंकर साहू, भाजपा मंडल फिंगेश्वर की अध्यक्ष मंजूलता हरित, मंडल महामंत्री भुवन साहू एवं प्रेमलाल टोडर शामिल रहेंगे। इसके अलावा ग्राम विकास समिति बेलर के अध्यक्ष खोमन साहू, भाजपा बूथ अध्यक्ष गजेंद्र साहू एवं जयप्रकाश सिन्हा सहित क्षेत्रीय भाजपा पदाधिकारी रामाधार साहू, मोती निषाद, रामजी साहू तथा अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

राष्ट्रीय वुशू ...

की हैमर थ्रो स्पर्धा में भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। इसी तरह पार्थ साहू ओपन नेशनल कुश्ती प्रतियोगिता में रजत पदक हासिल कर चुके हैं। **जिला वुशू संघ ने दी बधाई-** पांचों खिलाड़ियों के राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन पर जिला वुशू संघ ने हर्ष व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों और कोच चंदन बंजारे को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

जिले में बारिश...

अन्य संबंधित विभागों को अलर्ट पर रहने और आपसी समन्वय से कार्य करने को कहा गया है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई की जा सके। **जनहानि रोकना सर्वोच्च प्राथमिकता-** कलेक्टर शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं, कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में तैयारियों की व्यक्तिगत रूप से समीक्षा करें और जिला प्रशासन को किसी भी संभावित परिस्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह सतर्क रखें, मौसम संबंधी चेतावनियों की जानकारी आम नागरिकों तक समय पर पहुंचाने और जरूरत पड़ने पर त्वरित राहत एवं बचाव कार्रवाई सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया है, जिला प्रशासन ने संभावित खराब मौसम को देखते हुए नागरिकों से सतर्क रहने, मौसम संबंधी चेतावनियों का पालन करने तथा तेज हवा और वर्षा के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है, प्रशासन का मुख्य उद्देश्य संभावित नुकसान को कम करना और जन-धन की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

धान बेचने के...

120 क्विंटल धान के लिए दो टोकन बनाए जाते हैं। तो प्रत्येक ठोकन में ५७-60 क्विंटल की मात्रा होगी। इसी तरह 300 क्विंटल धान के लिए तीन टोकन होने पर प्रत्येक टोकन में 100-100 क्विंटल धान की मात्रा निर्धारित होगी। टोकन में जितनी मात्रा निर्धारित होगी, खरीदी उसी सीमा तक की जाएगी। उदाहरण के लिए, यदि किसी किसान के टोकन में 100 क्विंटल धान बेचने की अनुमति है और वह केवल 80 क्विंटल धान बेच पाता है, तो शेष 20 क्विंटल मात्रा स्वतः निरस्त हो सकती है। यह बची हुई मात्रा अगले टोकन में जोड़ने का प्रावधान नहीं बताया गया है।

चित्रकला, कविता व निबंध स्पर्धा में छात्र- छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

वीरगति प्रोजेक्ट 6.0 भारत सरकार के रक्षा मंत्रलय और शिक्षा मंत्रालय का संयुक्त उपक्रम है। देशभर के विद्यार्थियों में ऐतिहासिक नायक नायिकाओं के वीरता और संघर्ष के बारे में बताना है। भारत की आजादी में जिन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है उन्हें प्रसारित करना है ,ताकि देशभक्ति की भावना को बढ़ाया जा सके।

इसी तारतम्य में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में वीरगाथा प्रोजेक्ट के तहत चित्रकला,कविता एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था के व्याख्याता पूरन लाल साहू ने कहा कि शिक्षा विभाग के वीरगाथा प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को शौर्य पुरस्कार प्राप्त वीरों की वीरता और बहादुरी के बारे में जानकारी देना है। इसके तहत महापुरुषों की जीवनियो का प्रसार कर विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना को जागृत किया जाना है.उन्होंने आगे बताया कि वीरगाथा को गैलेंट्री पोर्टल के तहत 2021 में शुरू किया गया था। यह प्रोजेक्ट भारत के सभी स्कूलों के विद्यार्थियों को वीरता पुरस्कार विजेताओं पर आधारित रचनात्मक गतिविधियां कविता,निबंध,पेंटिंग,ड्राइंग,मल्टीमीडिया प्रस्तुति आदि गतिविधियां को छात्र- छात्राओं द्वारा परियोजना के रूप में किया जा सकेगा। वीरगाथा का उद्देश्य साहसी कार्य और जीवन कहानियों को साझा करना है ताकि देशभक्ति और नागरिक मूल्यों को बढ़ावा दिया जा सके। कार्यक्रम के अंत में वीरगाथा प्रोजेक्ट के प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं कलम भेंटकर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर संस्था के व्याख्याता दिनेश कुमार साहू,पूरन लाल साहू,विनय कुमार साहू,नरेन्द्र कुमार वर्मा,योगेश कुमार सोनकर,रेखा सोनी,गीतांजली नेताम,संतोषी गिलहरे,सत्या मिश्रा,शिक्षक नकुल राम साहू क्लर्क दुष्यंत कुमार साहू,तोमन राम साहू,अविनाश साहू,भृत्य आकाश सूर्यवंशी एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।





खबर संक्षेप

योजनाओं से अंतिम व्यक्ति के भी जीवन में आया सकारात्मक बदलावः रोहरा

मैनपुर। भारतीय जनता पार्टी के गरियाबंद जिला कोषाध्यक्ष अजय रोहरा मैनपुर पहुंचे। उन्होंने स्थानीय पत्रकारों से चर्चा करते हुए केंद्र के नरेंद्र मोदी सरकार और राज्य के विष्णुदेव साय सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला।




पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री रोहरा ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पूरी पारदर्शिता के साथ पहुंच रहा है। श्री रोहरा ने राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना की सराहना करते हुए कहा कि यह योजना प्रदेश की माताओं-बहनों के लिए वरदान साबित हुई है। इससे न केवल महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त हुई हैं, बल्कि समाज में उनका मान-सम्मान भी बढ़ा है।

प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रभाव को रेखांकित करते हुए उन्होंने ने कहा कि इस योजना के तहत लाखों बेघर और जरूरतमंद परिवारों को अपना पक्का मकान मिला है। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि मैनपुर विकासखंड क्षेत्र के हाथी प्रभावित ग्रामीण इलाकों में पक्के मकानों का निर्माण सुरक्षा के दृष्टिकोण से बेहद मददगार और बेहतर साबित हुआ है, जिससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। श्री रोहरा ने कहा कि भाजपा डबल इंजन की सरकार प्रदेश के किसानों, युवाओं, बेरोजगारों और सभी वर्गों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर अनेक योजनाएं संचालित कर रही है। इन जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ आम जनता को मिल रहा है और प्रदेश तेजी से विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है।

समस्या : मैनपुर क्षेत्र के दर्जनों ग्रामों में नेटवर्क की समस्या

ग्रामीण पहाड़ों, छतों और पेड़ों पर चढ़कर तलाश रहे नेटवर्क







हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

एक तरफ 5जी इंटरनेट सेवा का तेजी से विस्तार हो रहा है तो वहीं गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखंड मैनपुर क्षेत्र के कई गांवों के ग्रामीण आज भी मोबाइल नेटवर्क और बेहतर वॉयस कॉलिंग के लिए छतों और पेड़ों पर चढ़कर नेटवर्क तलाशते रहते हैं। नेटवर्क न होने की समस्या का सबसे अधिक खामियाजा गरीब, किसान और जरूरतमंद परिवारों को भुगतना पड़ रहा है।

ब्लॉक के वनांचल में बसे ग्राम साहेबिनकछार क्षेत्र के आदिवासी ग्रामीणों ने बताया कि यहां के लोगो को मोबाइल से बात करने के लिए पहाड़ी के उपर या फिर पेड़ तथा घरो के छत पर जाना पड़ता है इसके बावजूद भी ठीक ठाक बात नही हो पाती। साहेबिनकछार क्षेत्र की आबादी 10 हजार के आसपास है। यहां की भौगोलिक स्थिति कुछ इस तरह है कि हर तरफ से गांव जंगलो और पहाड़ो से घिरा हुआ है। यहां के ग्रामीण खेती किसानी के साथ वनोपज संग्रहण का कार्य करते हैं। यह बेहद संवेदनशील क्षेत्र है। गांव तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क भी नही बन पाई है और तो और गांव में बिजली भी नहीं लगी है। अचानक घटना दुर्घटना की स्थिति में ग्रामीण मोबाइल के माध्यम से भी मदद की गुहार नहीं लगा सकते। कई बार बारिश के दिनो में संजीवनी एक्सप्रेस और एंबुलेंस की सुविधा नहीं मिलने से इस क्षेत्र के ग्रामीण मरीजो को कांवर और उल्टे खाट में बिठाकर नेशनल हाइवे बम्हनीझोला तक लाते हैं। समय पर उपचार नही मिलने के कारण कई लोगो की अब तक मौत हो चुकी है।

खास खबर

मोबाइल पेड़ों पर लटका देते हैं

आज भी यहां के ग्रामीण दूर संचार जैसी सुविधा से बेहद दूर हैं। पहाड़ों, पेड़ों और घरों की छत पर चढ़कर आधा अधूरी बात होती है। कई ग्रामीण अपने मोबाइल को पेड़ और छत के उपर लटका देते हैं, ताकि बाहर से आने वाले फोन कॉल के बारे में पता चल सके। आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के दर्जनों ग्रामों में इस आधुनिक युग में हजारों आदिवासी ग्रामीण मोबाईल नेटवर्क नही होने के कारण दूरसंचार जैसे महत्वपूर्ण सेवा से वंचित हो रहे हैं। जब भी क्षेत्र में कोई बडे जनप्रतिनिधि व आला अफसरों का दौरा होता है, तो यहा के ग्रामीण मोबाइल टावर लगाने की मांग प्रमुखता के साथ करते है।





मोबाइल का टावर तो लगा है लेकिन नहीं हुआ प्रारंभ

साहेबिनकछार गांव में मोबाइल का टावर लगाया गया है। जब मोबाइल का टावर गांव में लगाया जा रहा था तो ग्रामीणों में उत्साह देखने को मिल रहा था कि जल्द ही इसे प्रारंभ किया जाएगा। लेकिन आज तक मोबाइल टावर को प्रारंभ नही किया गया है। पूर्व सरपंच रूपसिंग मरकाम, आदिवासी नेता अर्जुन नायक, उपसरपंच हरिहर यादव, अशोक नेताम, गजेन्द्र नाग, ईश्वर नाग, मनोज कुमार, पवन सिंह, भोलाराम नायक, सोहन सिंह, सेमलाल नाग सहित ग्रामीणों ने बताया कई बार मोबाइल टावर को प्रारंभ करने की मांग कर चुके हैं।

गंभीर दुर्घटना की स्थिति में नहीं मिल पाता 108 व अन्य जरूरी सेवाओं का लाभ

दूरस्थ गांवों में आए दिन आपातकालीन गंभीर स्थिति या घटना दुर्घटना उत्पन्न हो जाती है। ऐसे मे इस क्षेत्र के ग्रामीण शासन द्वारा संचालित संजीवनी 108 एवं महतारी 102 वाहन को सूचित करने के लिये नेटवर्क की तलाश मे उंचे पहाड़ी इलाके वाले क्षेत्र मे चढ़ते हैं। नेटवर्क मिला तो सही, वरना हताश ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अपने दूर दराज के रिश्तेदारों को संदेश भेजने के लिये इस क्षेत्र के लोग आज के आधुनिक युग में या कहा जाए तो मोबाइल नेटवर्क नहीं होने के कारण डाक विभाग द्वारा अपना संदेश भेजते हैं। जब ज्यादा आवश्यकता आन पड़ती है तो मुख्यालय आकर ही सही नेटवर्क के माध्यम से अपने सगे संबंधियो से बात कर पाते है। इस दूरस्थ आदिवासी पिछड़ी कमार भुंजिया जनजाति के लोग अब आधुनिक सुविधाओ का इस्तेमाल करना चाहते हैं। लेकिन इस दिशा में ध्यान नहीं देना ग्रामीणों के तकनीकी व उन्नतशील विकास की गति पर पानी फेरता दिख रहा है। ग्रामीणों ने बताया पूर्व कलेक्टर भगवान सिंह उइके को इस समस्या से अवगत करा चुके हैं, लेकिन अब तक मोबाइल टावर प्रारंभ नहीं हो पाया है।

राइस मिलों की राखड़ बदबू और अव्यवस्थित पार्किंग से लोग परेशान

सुरसाबांधा। राजिम से गरियाबंद जाने वाले मुख्य मार्ग पर चौबेबाँधा-सिंधौरी में स्थित दो राइस मिलों से निकलने वाली राखड़ एवं असहनीय बदबू से क्षेत्रवासी और राहगीर परेशान हैं। वहीं, अव्यवस्थित पार्किंग के कारण सड़क किनारे खड़े रहने वाले बड़े-बड़े ट्रकों से दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस मार्ग पर आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, दोनों राइस मिलों के आसपास से गुजरते समय बदबू इतनी तेज होती है कि राहगीरों को नाक-मुंह बंद करके रास्ता पार करना पड़ता है। वहीं, हवा के साथ उड़ने वाली राखड़ लोगों की आंखों में चली जाती है, जिससे तेज जलन और असहनीय दर्द होने की शिकायत है। कई लोगों को इस परेशानी के कारण कई दिनों तक तकलीफ झेलनी पड़ती है।

हादसों का खतरा बढ़ा

अव्यवस्थित पार्किंग और सड़क पर दुर्घटनाओं का खतरा- राइस मिलों के बाहर बड़ी-बड़ी ट्रकों के खड़े रहने से मुख्य मार्ग पर आवागमन प्रभावित होता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि एक राइस मिल की दीवार सड़क से महज लगभग 15 फीट की दूरी पर है। ऐसे में मिल से बाहर निकलते समय ट्रक चालकों को सड़क से गुजर रहे राहगीर और वाहन आसानी से दिखाई नहीं देते, जिससे दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। क्षेत्रवासियों के अनुसार, इस स्थान पर लगभग हर सप्ताह दुर्घटनाएं होने की बात सामने आती है।

पर्यावरण विभाग और पुलिस प्रशासन से कार्रवाई की मांग- क्षेत्रवासियों की मांग है कि जिला प्रशासन, पर्यावरण विभाग और पुलिस प्रशासन संयुक्त रूप से मौके का निरीक्षण कर समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित करें। ताकि लोगों को राखड़ और बदबू से राहत मिल सके तथा राजिम-गरियाबंद मुख्य मार्ग पर दुर्घटनाओं की आशंका कम हो और राहगीरों का आवागमन सुरक्षित हो सके।

शरद पूर्णिमा का चंद्रमा



मैनपुर। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, शरद पूर्णिमा की पावन रात्रि में चंद्रमा अपनी सोलह कलाओं से परिपूर्ण होकर अमृत वर्षा करता है। मान्यता है कि इस रात चंद्रमा की शीतल किरणें आरोग्य, सुख-समृद्धि एवं सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करती हैं। शरद पूर्णिमा का मनोरम चांद श्रद्धा, आस्था और आध्यात्मिकता का प्रतीक है।



संकलनकर्ता- भागीरथी सिन्हा, हरिभूमि संवाददाता, छुईया मो. 9589469068

खबर संक्षेप



प्रदेश प्रभारी स्मृति ईरानी से मिले भाजपा युवा मोर्चा जिला महामंत्री नंदकिशोर

मैनपुर। भारतीय जनता पार्टी के नव नियुक्त प्रदेश प्रभारी स्मृति ईरानी के प्रथम आगमन पर रायपुर स्थित कुशाभाऊ ठाकरे परिसर, भाजपा प्रदेश कार्यालय में भाजपा युवा मोर्चा जिला गरियाबंद के जिला महामंत्री नंदकिशोर चौबे ने उनसे सौजन्य मुलाकात की।
इस प्रथम मुलाकात के दौरान संगठनात्मक विषयों पर चर्चा हुई। मुलाकात में पार्टी संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा युवा मोर्चा की भूमिका को प्रभावी बनाने जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।
भाजपा युवा मोर्चा जिला गरियाबंद के जिला महामंत्री नंदकिशोर चौबे ने संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी से संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलती है। उन्होंने पार्टी की विचारधारा एवं संगठनात्मक कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने के संकल्प पर भी जोर दिया। स्मृति ईरानी के प्रदेश प्रभारी के रूप में आगमन को संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। भाजपा कार्यकर्ताओं में उनके नेतृत्व में संगठन को नई दिशा और गति मिलने की उम्मीद है।
नंदकिशोर चौबे, जिला महामंत्री, भाजपा युवा मोर्चा, जिला गरियाबंद की स्मृति ईरानी से यह प्रथम मुलाकात संगठनात्मक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण रही।

रेलवे बैरिकेड्स के साथ पैदल आवागमन के लिए गेट खोलने की मांग

महासमुंद। शहर में रेलवे पटरी के किनारे सुरक्षा की दृष्टि से लगाए जा रहे बैरिकेड्स के कारण आम नागरिकों के आवागमन में होने वाली परेशानी को देखते हुए नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिक्का एवं भाजयुमो शहर महामंत्री गौरव राठी ने रेलवे प्रशासन के इंजीनियर बारिक को ज्ञापन सौंपकर पैदल आवागमन के लिए गेट की व्यवस्था करने की मांग की।
राठी ने रेलवे इंजीनियर का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि रेलवे पटरी के किनारे सुरक्षा की दृष्टि से बैरिकेड्स लगाना आवश्यक है, लेकिन कुछ स्थानों पर आम नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बैरिकेड्स के साथ पैदल आने-जाने के लिए गेट की व्यवस्था भी की जानी चाहिए।
उन्होंने बताया कि इमलीभाठा से शंकर नगर आने-जाने वाले मार्ग पर विशेष रूप से पैदल आवागमन की सुविधा बनाए रखना जरूरी है। शंकर नगर में पुरानी लकड़ी टाल के पास रेलवे सिग्नल के दोनों ओर से लोगों का आवागमन होता है। इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों लोग पैदल आते-जाते हैं। यदि इस रास्ते को पूरी तरह बंद कर दिया जाता है, तो नागरिकों को शहर आने-जाने के लिए लगभग एक किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ेगा। ज्ञापन पर रेलवे इंजीनियर बारिक ने सहमति जताते हुए संबंधित स्थल का निरीक्षण करने तथा सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए बैरिकेड्स के साथ पैदल आवागमन के लिए गेट की व्यवस्था करने का आश्वासन दिया।

सड़कों पर भीड़, बाजार से रौनक गायब, धनतेरस से कारोबार चमकने की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

दीपावली का उत्साह अभी मन में, खरीदारी के लिए शुभ मुहूर्त का इंतजार

दीपावली की आहट के बीच नगर की सड़कों पर चहल-पहल तो बढ़ गई है, लेकिन बाजारों में त्योहार की रौनक अभी गायब है। कपड़ा, सराफा से लेकर वाहन बाजार तक ग्राहकों की आवाजाही के मुकाबले खरीदारी की रफ्तार सुस्त है। व्यापारियों को अब धनतेरस का इंतजार है। राजिम अंचल में अमूमन त्योहार की खरीदारी धनतेरस से ही जोर पकड़ती है। शरद पूर्णिमा और पुष्य नक्षत्र जैसे शुभ अवसरों पर भी इस बार बाजार में अपेक्षित उत्साह नजर नहीं आता। इसकी बड़ी वजह अंचल की कृषि आधारित अर्थव्यवस्था है। यहां किसानों और मेहनत-मजदूरी से जुड़े परिवारों की संख्या अधिक है। धान की कटाई शुरू होने से पहले अधिकांश परिवारों के हाथ तंग हैं। ऐसे में त्योहार का उत्साह तो है, लेकिन लोग फिलहाल जरूरी खर्चों तक सीमित हैं। बाजार में घूमने वालों की भीड़ जरूर दिख रही है, पर यह भीड़ दुकानों की बिक्री में तब्दील नहीं हो पा रही है।


फाइल फोटो

सोना-चांदी के भाव पर टिकी नजर, ग्राहक कर रहे इंतजार

सराफा बाजार में भी ग्राहक फिलहाल जल्दबाजी के मूड में नहीं हैं। सोना-चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बीच खरीदारों को आने वाले दिनों में भाव और कम होने की उम्मीद है। यही वजह है कि कई लोग खरीदारी टालकर बाजार का रुख भांप रहे हैं। वैसे भी अंचल में दीपावली पर सोना-चांदी की खरीदारी मुख्यतः शगुन के तौर पर होती है। सराफा कारोबार का असली सीजन दीपावली के बाद शुरू होने वाले शादी-ब्याह के दौर में आता है। फिलहाल बाजार की स्थिति यह है कि सड़कों पर भीड़ है, दुकानों में सामान सजा है और त्योहार का उत्साह भी है, लेकिन कारोबार को रफ्तार देने वाले ग्राहकों का इंतजार बना हुआ है।

वाहनों की बुकिंग शुरू, खरीदारी के लिए धनतेरस का इंतजार- वाहन बाजार में कुछ हलचल जरूर है। लोग दोपहिया और चारपहिया वाहनों की जानकारी लेने के साथ बुकिंग भी करा रहे हैं, लेकिन खरीदारी और वाहन घर ले जाने के लिए शुभ मुहूर्त का इंतजार कर रहे हैं। कपड़ा और अन्य त्योहार संबंधी सामान की दुकानों में भी फिलहाल कारोबार सामान्य बना हुआ है। व्यापारियों को उम्मीद है कि धनतेरस से बाजार की तस्वीर बदलेगी और दीपावली तक खरीदारी जोर पकड़ेगी।

आरोप : भाजपा सरकार पर लोकतांत्रिक संस्थाओं के दुरुपयोग का आरोप

कांग्रेस सेवादल ने किया ध्वज वंदन, लोकतंत्र की रक्षा व जनहित के मुद्दों पर संघर्ष का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

- महंगाई और सरकार की विफलताओं पर कांग्रेस नेताओं ने उठाए सवाल

अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बी.वी. एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष अरुण ताम्रकार के निर्देशानुसार प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को आयोजित होने वाले ध्वज वंदन कार्यक्रम के अंतर्गत नवापारा के भामाशाह चौक, काली माता मंदिर के पास 10 बजे ब्लॉक कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष बीरबल सिंह बंजारा के नेतृत्व में ध्वज वंदन कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रध्वज को सम्मानपूर्वक नमन करते हुए संविधान, लोकतंत्र एवं देश की एकता-अखंडता की रक्षा के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवापारा के अध्यक्ष रामा यादव ने केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को मोहरा बनाकर लोकतांत्रिक चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित कर रही है।

उन्होंने कहा कि वोट चोरी और चुनावी अनियमितताओं के गंभीर आरोपों पर निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच आवश्यक है। लोकतंत्र में जनता का मत सर्वोपरि है और उसकी विश्वसनीयता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जा सकता। कांग्रेस लोकतंत्र और मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करती रहेगी। जिला कांग्रेस सेवादल रायपुर ग्रामीण के महामंत्री सुरेन्द्र साहू ने छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि बढ़ती महंगाई ने आम नागरिकों, गरीबों, मध्यमवर्गीय परिवारों, किसानों और छोटे व्यापारियों की आर्थिक परेशानियां बढ़ा दी हैं। खाद्य सामग्री एवं दैनिक आवश्यकताओं पर बढ़ता खर्च आम परिवारों के बजट को प्रभावित कर रहा है। श्री साहू ने कहा कि सरकार की सफलता का पैमाना प्रचार और बड़े-बड़े दावे नहीं, बल्कि आम जनता को मिलने वाली राहत और सुविधाएं होनी चाहिए।



कार्यक्रम में ये थे उपस्थित

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामा यादव, जिला कांग्रेस महामंत्री सौरभ शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष बीरबल सिंह बंजारा, रायपुर ग्रामीण जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष चतुर सिंह जगत, जिला महामंत्री घनश्याम साहू, जिला कांग्रेस सेवादल महामंत्री सुरेन्द्र साहू, पार्षद अर्जुन साहू, रामरतन निषाद, रामकुमार शर्मा, देवा सोना, डोमन साहू, लालजी साहू, नंदू साहू, रूपराम साहू, भावेश साहू, आकाश सोना, सुनीता शर्मा, दूरपति सोना, शीतल जगत, रूखमणी जगत, नीला जगत, लिली सोना, जयबीर जगत, जिज्ञान जगत, कुसुम जगत एवं मनोहर जगत सहित कांग्रेस एवं सेवादल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

'मन की बात' के 139वें एपिसोड पर छुरा मंडल में दिखा उत्साह



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

ग्राम पंचायत हरदी के बूथ क्रमांक 150 स्थित रानी चौक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का 139वां एपिसोड सामूहिक रूप से सुना गया। भारतीय जनता पार्टी मंडल छुरा के उपाध्यक्ष रूपनाथ बंजारे के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में गांव के सक्रिय कार्यकर्ताओं, प्रबुद्ध वरिष्ठजनों और ऊर्जावान युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रानी चौक पर उपस्थिति के बीच प्रधानमंत्री के संबोधन को बेहद ध्यानपूर्वक सुना गया।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने 139वें एपिसोड में देश की प्रगति और जमीनी स्तर पर हो रहे सकारात्मक बदलावों को रेखांकित किया। पीएम मोदी ने त्योहारों के इस सीजन में 'स्वच्छता ही सेवा' के संकल्प को दोहराते हुए हर नागरिक से अपने आसपास के वातावरण को साफ रखने की अपील की। इसके साथ ही, उन्होंने स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए 'वोकल फॉर लोकल' पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि त्योहारों के समय स्थानीय कारीगरों, शिल्पकारों और छोटे दुकानदारों से खरीदारी कर हम आत्मनिर्भर भारत के सपने को सच कर सकते हैं। प्रधानमंत्री ने देश के अन्नदाताओं की तारीफ करते हुए कहा कि भारतीय किसानों के उत्पाद आज वैश्विक बाजारों में नई पहचान बना रहे हैं।

भाजपा मंडल छुरा के उपाध्यक्ष रूपनाथ बंजारे ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश को जोड़ने और आगे बढ़ाने का एक पवित्र माध्यम है। आज प्रधानमंत्री ने जो मार्गदर्शन दिया है, उसे हमें अपने जीवन और गांव में उतारना होगा।

इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता, बूथ अध्यक्ष, स्थानीय जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

नवापारा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का हुआ भव्य पथ संचलन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा नगर में भव्य पथ संचलन का कार्यक्रम किया गया। जिसमें नगर के स्वयंसेवक कदम से कदम मिलाकर राष्ट्रगीत गाते हुए गंज रोड, सदर रोड, किसानपारा, शीतला पारा, मां काली मंदिर होते हुए गायत्री माता मंदिर में संपन्न किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नोहर मानिकपुर सेवानिवृत्त सीईओ ने किया। मुख्य वक्ता के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप थे।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता श्री कश्यप ने कहा कि विजयादशमी का पर्व साधना और उपासना का पर्व है। अन्याय पर न्याय का असत्य पर सत्य का और अधर्म पर धर्म का पर्व है। नागपुर की पवित्र धरती पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का बीज बोया गया जो आज हिंदुस्तान के साथ-साथ विश्व के कई देशों में विशाल बट वृक्ष का रूप ले चुका है। उन्होंने समाज में युवा पीढ़ी को आगे आने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ने का भी आग्रह किया। उन्होंने स्वयंसेवक को संकल्पित और आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी। स्वयंसेवक समाज के विकास के लिए तन मन धन से समर्पित है। उन्होंने पंच परिवर्तन का उल्लेख किया पर्यावरण, सामाजिक सदभाव नागरिक कर्तव्य बोध,कुटुंब प्रबोध, स्वा का बोध के बारे में भी विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन नगर सह कार्यवाह प्रदीप मिश्रा ने किया। एकल गीत तुषार साहू ने गाया। मुख्य शिक्षक रितेश साहू और प्रार्थना समीर साहू गाया। अमृत वचन मुकेश निषाद ने कहा। कार्यक्रम में संघचालक सनत चौधरी, प्रांत सह कार्यवाह गोपाल यादव, रायपुर जिला कार्यवाह लोकनाथ साहू, जिला प्रचारक रोहित प्रजापति ,गायत्री शक्तिपीठ नवापारा के समस्त कार्यकर्ता, अधिकारी ,मनोज विश्वकर्मा, वीरेंद्र साहू, विनोद देवांगन, सोहेंद्र साहू, चंदन साहू ,मुकेश निषाद, हुकुम साहू, अमन पाटकर,योगेश यादव, गोविंद साहू, नरेंद्र साहू, समीर साहू, सूरज चक्रधारी, हेमंत साहू, सुमित देवांगन, रितेश साहू, तुषार साहू आदि स्वयंसेवक ने कार्य क्रम में सहभागी रहे।

फूलचंद कॉलेज के रेड रिबन क्लब ने किया अनोखा खेलकूद का आयोजन





हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना रेड रिबन क्लब ने बाल संरक्षण अधिकार और देशी खेलकूद का आयोजन किया। जिसमें बाज झपट्टा का अनोखा खेल हुआ। इसे विवेकानंद एवं सुभाष चन्द्र बोस के दो दल शामिल हुए। इस खेल पोशन, राम सोनकर, आदि टीम के प्रमुख खिलाड़ी शामिल रहे। सुभाष चंद्र बोस की टीम विजयी रही साथ ही, कबड्डी खेल में विवेकानंद टीम जीती और कितने भाई कितने आप बोलें जितने में हेमपुष्पा विजयी रही। कार्यक्रम के दूसरे चरण में बाल संरक्षण अधिकार विषय पर परिचर्चा हुई। इस गरिमामय कार्यक्रम के तोरण साहू, ठाकुर राम साहू, विकास साहू, अगेश साहू, मितेश साहू, श्यामा सांडिल, देविका साहू के आतिथ्य रही। कार्यक्रम संयोजक डॉ. आरके रजक ने कहा कि बाल संरक्षण के लिए अनेक अधिकार दिए गए हैं। जिसमें प्रमुख रूप से जीवन जीने का अधिकार, भरण पोषण का अधिकार, स्वास्थ्य का अधिकार, शिक्षा का अधिकार आदि हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी स्वयंसेवकों ने गांव, शहर, परिवार तथा समाज में जागरूकता लाने सामूहिक रूप से संकल्प लिया।

बाल विवाह, बाल यौन उत्पीड़न, बाल श्रम, कुपोषण, भूखमरी, बेकारी एवं बाल भिक्षावृत्ति को रोकने में हमारी अहम भूमिका रहेगी, तभी समाज के बच्चे उन्नति करेंगे एवं सुरक्षित रहेंगे कार्यक्रम में 69 स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। अनोखा खेल बाज झपट्टा खेल स्पर्धा में खेल के नियम गोले में रखे रूमाल को अधिक बार उठाने वाला दल विजेता रहता है बाज झपट्टा खेल में दो दलों के 6 पुरूष व 4 महिलाएं को दस-दस की टीम में बांटकर 40 से 80 फिट की दूरी पर खड़ा किया गया। हर खिलाड़ी को एक से लेकर दस अंक प्रदान किए गए। दोनों दलों के बीच दो फीट का गोला बनाया जाता है । निर्देशक एक सिरे पर दोनों दलों के बीच खड़ा होकर जैसे ही कोई भी एक अंक जोर से चिल्लाता है, वैसे ही दोनों दलों के खिलाड़ी बाज की तरह दौड़कर गोले से रूमाल झपट कर वापस अपने दल की ओर वापस पहुंचता है तो उनके द्वारा अंक अर्जित किया जाता है। यदि खिलाड़ी के वापस पहुंचने के बीच में ही विपक्षी दल उस खिलाड़ी को उन्हें छू लेता है तो वह अंक विपक्षी टीम को मिल जाता है। यह प्रक्रिया एक निर्धारित समय तक चलती है, जो टीम सर्वाधिक अंक अर्जित करता है, यह विजेता होता है।

इलेक्ट्रॉनिक कचरे के उचित निपटान और पुनर्चक्रण पर जोर

ई-वेस्ट प्रबंधन की पहल, पर्यावरण संरक्षण के लिए विद्यार्थियों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

पर्यावरण संरक्षण और इलेक्ट्रॉनिक कचरे के प्रति विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से संकूल राजिम अंतर्गत शासकीय रामबिशाल पांडेय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में मिशन लाइफ इको क्लब के तत्वावधान में संकुल स्तरीय ई-वेस्ट जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें सेजेस राजिम एवं शासकीय बालक पूर्व माध्यमिक शाला के विद्यार्थियों और शिक्षकों की सहभागिता रही। कार्यशाला में इको क्लब प्रभारी समीक्षा गायकवाड़ ने बताया कि पुराने मोबाइल फोन, चार्जर, बैटरी, कंप्यूटर, प्रिंटर और टेलीविजन जैसे अनुपयोगी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से निकलने वाले कचरे को ई-वेस्ट कहा जाता है। इसका अनुचित निपटान पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकता है।



इलेक्ट्रॉनिक कचरे को सामान्य कचरे से अलग रखने तथा अधिकृत संग्रहकर्ता या पुनर्चक्रणकर्ता को सौंपने की जानकारी दी। कार्यशाला में गीले, सूखे, सैनिटरी और इलेक्ट्रॉनिक कचरे के वर्गीकरण तथा विभिन्न रंगों के डस्टबिन के उपयोग के बारे में भी समझाया गया। विद्यालय में ई-वेस्ट के पृथक संग्रहण के लिए बनाए गए काले डस्टबिन की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को निर्धारित संग्रहण व्यवस्था का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही, पुराने उपकरणों की मरम्मत और पुनः उपयोग को प्राथमिकता देने का संदेश दिया गया। संकुल प्राचार्य बी.एल. ध्रुव ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए विद्यार्थियों में जिम्मेदारी और जागरूकता विकसित करना आवश्यक है। कार्यशाला में मिली जानकारी को व्यवहार में अपनाने तथा अपने परिवार और समाज के लोगों को भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। शासकीय बालक पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक ए.जी. गोस्वामी ने कहा कि स्वच्छ एवं सुरक्षित पर्यावरण बनाए रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता जरूरी है। विद्यालयों में आयोजित ऐसी गतिविधियां बच्चों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने और जागरूकता का संदेश समाज तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ व्याख्याता सागर शर्मा, संतोष सूर्यवंशी, नंदलाल साहू, राकेश साहू, शिखा महाड़िक, अंजू मार्कंडे सहित दोनों विद्यालयों के शिक्षक और छात्र छात्राएँ उपस्थित थे। कार्यशाला का मार्गदर्शन एवं संचालन इको क्लब प्रभारी समीक्षा गायकवाड़ ने किया।

